उत्तर प्रदेश होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड

होम्योपैथी भवन

2, नबीउल्लाह मार्ग, लखनऊ-226018

मो0नं0 : 7607355882

ई-मेल-registrar@hmbup.in

पत्रांक- 351 /एच0एम0बी0/2024 दिनांक 07/06/2024

सेवा में, **द्वारा- बोर्ड वेबसाइट**

प्राचार्य/प्रबन्धक,

समस्त डी0एच0पी0 कालेज

(शैक्षणिक सत्र 2023-25)

विषयः-भेषजिक डी0एच0पी0 सत्र 2023-25 के प्रथम वर्ष 2023-24 की परीक्षा के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक, अवगत कराना है कि सत्र 2023-25 के प्रथम वर्ष 2023-24 में पाठ्यक्रम संचालन हेतु निर्धारित मानक के क्रम में अर्ह पाये गये 173 डी0एच0पी0 कालेजों की सम्बद्धता बोर्ड कार्यालय के पत्र दिनांक 28.07.2023 व दिनांक 31.08.2023 के द्वारा जारी की गयी थी। उक्त कालेजों में पाठ्यक्रम का संचालन व नियमित पठ्न-पाठ्न का कार्य माह 15 अक्टूबर, 2023 से आरम्भ कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया था।

2- निर्धारित शैक्षणिक कैलेण्डर के अनुसार उक्त पाठ्यक्रम माह मई, 2024 के अन्तिम सप्ताह में पूर्ण कर लिया जाना था। अधिकांश कालेजों द्वारा निर्धारित अवधि में पाठ्यक्रम पूर्ण कर लिया गया है व अध्ययनरत छात्रों की माहवार बायोमेट्रिक उपस्थिति बोर्ड कार्यालय को उपलब्ध करा दी गयी है। जिसके आधार पर उक्त समस्त कालेजों में अध्ययनरत छात्रों का नामांकन जारी किया जा चुका है। कतिपय कालेज जिनके द्वारा बायोमेट्रिक उपस्थिति बोर्ड कार्यालय को प्राप्त नही करायी गयी है, उनका नामांकन जारी किये जाने के सम्बन्ध में अग्रिम कार्यवाही अद्यतन नही हो सकी है।

3- इसी क्रम में अवगत कराना हे कि नियंत्रक, उ0प्र0 होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड के निर्देश के क्रम में उक्त शैक्षणिक सत्र के प्रथम वर्ष की परीक्षा(जिन कालेजों द्वारा छात्रों की माहवार बायोमेट्रिक उपस्थिति प्राप्त करायी गयी है) निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार कराया जाना प्रस्तावित है:-

डी0एच0पी0 पाठ्यक्रम सत्र 2023-25 के प्रथम वर्ष 2023-24 का सम्भावित परीक्षा कार्यक्रम

क्र0सं0	दिनांक	दिन	प्रथम पाली परीक्षा समय 10.00 से 01.00 बजे तक	प्रश्नपत्र	द्वितीय पाली परीक्षा समय 02.00 से 05.00 बजे तक	प्रश्नपत्र
1.	09.07.2024	मंगलवार	Elementary Human Anatomy And Physiology	**Paper-Ist**	Elementary Human Anatomy And Physiology	**Paper-IInd**
2.	10.07.2024	बुद्धवार	Introductory Homoeopathy Biochemistry And Twelve Tissue Remedies	**Paper-Ist**	Introductory Homoeopathy Biochemistry And Twelve Tissue Remedies	**Paper-IInd**
3.	11.07.2024	वृहस्पतिवार	Clinical Pathology And Toxicology	**Paper-Ist**	Clinical Pathology And Toxicology	**Paper-IInd**
4.	12.07.2024	शुक्रवार	Health Education And Community Pharmacy	**Paper-Ist**	Health Education And Community Pharmacy	**Paper-IInd**
5.	15.07.2024	सोमवार	Homeopathic Pharmaceutics And Pharmaceutical Chemistry	**Paper-Ist**	Homeopathic Pharmaceutics And Pharmaceutical Chemistry	**Paper-IInd**

नोट :- प्रयोगात्मक परीक्षा का कार्यक्रम पृथक से जारी किया जायेगा।

अतः आप सभी से अनुरोध है कि उक्त परीक्षा निर्धारित तिथि व समय पर सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु पूर्व प्रेषित पत्र के क्रम में माह मई, 2024 तक की छात्रों की बायोमेट्रिक अटेडेन्स व अन्य वांछित सूचनाए जो कि एक्सल शीट के माध्मय से आपके कालेज लॉगिन में शेयर की गयी है एक सप्ताह में बोर्ड कार्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें, जिससे की समस्त सम्बन्धित छात्रों की परीक्षा निर्धारित तिथि पर कराये जाने के सम्बन्ध में अग्रेतर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

भवदीय,

07/06/2024

(विनय कुमार त्रिपाठी)
रजिस्ट्रार

पत्रांक : — /एच0एम0बी0/ २०२४ तददिनांक

प्रतिलिपि नियंत्रक, उ0प्र0 होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड, उ0प्र0 लखनऊ को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

07/06/2024

(विनय कुमार त्रिपाठी)
रजिस्ट्रार